>

Title: Need to undertake development and beautification of Ujjain, Chintaman and Vikramnagar railway stations in Ujjain, Madhya Pradesh.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): विगत तीन वर्षो से उज्जैन को मल्टीफंक्शन रेलवे स्टेशन बनाने की घोÂाणा हो चुकी है। उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महाकुंभ होना निश्चित हुआ है। इस महाकुंभ से हिन्दु धर्म के करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है जिसके कारण अभी से कार्य विशेÂाकर जो रेलवे से जुड़े हुए हैं उनको शुरू किए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि अगर महाकुंभ आयोजन का समय समीप आने पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा तो जल्दबाजी में कार्य भी ठीक प्रकार से नहीं हो पाएगा और पैसे की भी बर्बादी होगी। उज्जैन शहर के नजदीक विक्रमनगर और चिंतामण रेलवे स्टेशन है, इन स्टेशनों का सौंदर्यीकरण और प्लेटफार्म क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि उज्जैन शहर में देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रृद्धालु आएंगे जिसके कारण यातायात जाम हो जाएगा। यदि इन स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई जाती है, तो कुछ स्पेशल गाड़ियों को यहां खड़ी होने की जगह भी मिल जाएगी और कुछ श्रृद्धालु इन्हीं क्षेत्रों के आसपास निवास भी कर सकेंगे जिससे ट्रैफिक पार्किंग का दायरा बढ़ जाएगा और शहर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी। अगर इन स्टेशनों के प्लेटफार्म हम नहीं बढ़ा सकें तो इतने श्रृद्धालुओं की व्यवस्था शहर में नहीं हो सकेगी, जिसके फलस्वरूप जो लोग हजारों किलोमीटर से चलकर आए या विदेशों से आए उनको अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ेगा। इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि अविलम्ब इन तीनों स्टेशनों उज्जैन, चिंतामण और विक्रमनगर पर कार्य प्रारंभ करवाएं जाएं ताकि हम इस महाकुंभ को सफल बना सकें।